झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी
झारखण्ड जनजातिय शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, राँची।
दूरभाष / फैक्स – 0651–2552088

257
31/01/2014

## झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी के निदेशक मंडल की दिनांक 03.01.2014 को 11 बजे पूर्वाह्न में NIC Video Conference Room, नेपाल हाऊस, राँची में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–

निदेशक मंडल के बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रधान सचिव, कल्याण विभाग के निदेशानुसार राज्य कार्यक्रम निदेशक, जे॰टी॰डी॰एस॰ द्वारा कार्यावली में उल्लेखित प्रस्ताव पर चर्चा प्रारंभ की गई। सभी सदस्यों को ईफाड सहायित झारखण्ड ट्राईबल ईम्पावरमेंट एण्ड लाईवलीहूड प्रोजेक्ट (JTELP) दिनांक 04.10.2013 से लागू होने तथा इसके उद्देश्य, आच्छादन, व्यवस्था, वित्त आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम आच्छादित ग्रामों में कल्याण विभाग द्वारा अबतक आवंटित SCA to TSP की सभी योजनाओं के सफल एवं कारगर क्रियान्वयन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह भी बताया गया की कृषि विभाग (आत्मा), भू–संरक्षण विभाग एवं अन्य विभागों से भी प्रभावी Convergence को सुनिश्चित कराने हेतु विशेष प्रयास किये गये हैं। बैठक में उपस्थिति (संलग्न सूची अनुसार)

**प्रस्ताव एवं पारित प्रस्ताव :–**

**प्रस्ताव संख्या : 01**

**दिनांक 21.09.2012 को आहूत बैठक में निदेशक मंडल द्वारा निदेशित बिन्दुओं पर अनुपालन की सम्पुष्टि।**

**पारित प्रस्ताव संख्या : 01** : दिनांक 21.09.2012 को झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी, राँची के निदेशक मंडल की बैठक में निदेशित बिन्दुओं पर बिन्दुवार अनुपालन के संबंध में राज्य कार्यक्रम निदेशक द्वारा जानकारी प्रदान की गई। बिन्दु संख्या 07 के संबंध में सूचित किया गया कि निबंधन विभाग के सुझाव के आधार पर – (तकनीकी कारण, सुगमता आदि को देखते हुए) एवं तदनुसार सचिव से प्राप्त निदेश के उपरांत ये निर्णय लिया गया कि, जे.टी.डी.एस. के निदेशक मंडल एवं General Council की बैठक में Rotation के आधार पर 05 परियोजना जिलों के उपायुक्त को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाय, इसके अनुसार ही जे.टी.डी.एस. के Revised Memorandum of Association मे संशोधित किया गया है। निदेशक मडंल द्वारा विगत बैठक मे निदेशित सभी बिन्दुओं के अनुपालन पर संतोष व्यक्त करते हुए सम्पुष्ट किया गया।

**प्रस्ताव संख्या : 02**

**वार्षिक कार्य-योजना एवं बजट 2013–14 (अक्टूबर'13 से मार्च'14) एवं 2014–15 पर स्वीकृति।**



Tribal Development Socie... Ref No.- 10438 03 FEB 2014

झारखण्ड ट्राईबल इम्पावरमेन्ट एण्ड लाईवलीहूड प्रोजेक्ट (JTELP) के क्रियान्वयन हेतु अक्टूबर '2013 से मार्च '2014 (वित्तीय वर्ष 2013–14) हेतु ईफाड के परामर्श से कार्य योजना एवं बजट तैयार किया गया है। कार्य योजना एवं बजट पर निदेशक मंडल का स्वीकृति अपेक्षित है।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 02**

वार्षिक कार्य–योजना एवं बजट 2013–14 (अक्टूबर'13 से मार्च'14) एवं वार्षिक कार्य–योजना एवं बजट 2014–15 के प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या : 03**

**JTELP परियोजना में झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेन्ट सोसाईटी में कार्यरत कर्मियों के समायोजन की BoD से घटनोत्तर स्वीकृति।**

दिनांक 21.09.2012 को निदेशक मंडल मे लिए गए निर्णय के आलोक में कार्यावली संख्या–10 जिसमें कार्यरत कर्मियों को JTELP परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आतंरिक समिति गठित कर शीघ्र समायोजन करने उपरान्त शेष बचे पदों पर नियुक्ति हेतु अग्रेत्तर कारवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्णय लिया गया था, के अनुपालन में त्रीसदस्यीय विभागीय समिति द्वारा कार्यरत कर्मियों के योग्यता कार्य अनुभव एवं उनके कार्य प्रदर्शन को ध्यान मे रखते हुए JTELP अन्तर्गत विभिन्न पदों पर समायोजन की अनुशंसा की गई है। प्रस्ताव पर निदेशक मंडल का अनुमोदन अपेक्षित है।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 03**

JTELP परियोजना के क्रियान्वयन हेतु झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेन्ट सोसाईटी में वर्तमान कार्यरत कर्मियों के समायोजन के प्रस्ताव को निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या : 04**

**कल्याण-सह-अध्यक्ष, जे0टी0डी0एस0 निदेशक मंडल द्वारा पहले चरण में जनवरी'13 से मार्च'13, दूसरे चरण में अप्रैल'13 से जून'13 एवं तीसरे चरण में जुलाई'13 से JTELP के प्रारम्भ होने सोसाईटी में कार्यरत सभी कर्मियों के सेवा विस्तार एवं interest राशि से भुगतान का – सचिव, तक प्राप्त; JTDS में उपलब्ध interest एवं SCA to TSP से प्राप्त interest राशि से भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में।**

जे.टी.डी.एस. में कार्यरत कर्मियों का सेवा विस्तार एवं उनके वेतनादि एवं कार्यालय संचालन हेतु अध्यक्ष, जे.टी.डी.एस. (सचिव, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार) द्वारा समय – समय पर स्वीकृति प्रदान किया गया। इस पर निदेशक मंडल की घटनोत्तर स्वीकृति अपेक्षित है।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 04**

सोसाईटी में कार्यरत सभी कर्मियों के सेवा विस्तार से संबंधित प्रस्ताव जो पहले चरण में जनवरी'13 से मार्च'13, दूसरे चरण में अप्रैल'13 से जून'13 एवं तीसरे चरण में जुलाई'13 से JTELP के प्रारम्भ होने तक के लिए एवं जे.टी.डी.एस. में उपलब्ध interest राशि से वर्तमान

कर्मियों के वेतन भुगतान किये जाने के संबंध मे सचिव, कल्याण–सह–अध्यक्ष, जे0टी0डी0एस0 द्वारा दिये गये स्वीकृति, को निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या : 05**

**JTELP हेतु TSA & FNGO के लिए बनाया गया Request for Proposal का अनुमोदन।**

झारखण्ड ट्राईबल इम्पावरमेंट एण्ड लाईवलीहुड प्रोजेक्ट (JTELP) के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हेतु प्रोजेक्ट डिजाईन के अनुसार Technical Support Agency (TSA) एवं Facilitating NGO (FNGO) का चयन किया जाना है, जिस हेतु Request for Proposal (RFP) ईफाड के सहयोग से तैयार किया गया है। Request for Proposal पर निदेशक मंडल का अनुमोदन अपेक्षित है।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 05**

JTELP हेतु Technical Support Agency (TSA) एवं Facilitating NGO (FNGO) की सेवा प्राप्त करने एवं उनके चयन करने के लिए बनाया गया Request for Proposal (RFP) एवं प्रस्ताव को चर्चा उपरांत निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या : 06**

**JTELP हेतु Independent Recruitment firm द्वारा मानव संसाधन चयन FNGO एवं TSA चयन हेतु अनुमोदन।**

झारखण्ड ट्राईबल इम्पावरमेंट एण्ड लाईवलीहुड प्रोजेक्ट (JTELP) के क्रियान्वयन विभागीय एजेन्सी झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी (JTDS) द्वारा किया जाएगा। जिस हेतु प्रोजेक्ट डिजाईन अनुसार मानव संसाधन की आवश्यकता होगी साथ ही जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हेतु Facilitating NGO (FNGO) एवं Technical Support Agency (TSA) की भी आवश्यकता होगी, जिसका चयन किया जाना है।

मानव संसाधन, FNGO एवं TSA के चयन हेतु Independent Firm की सेवा लिए जाने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव पर निदेशक मंडल की स्वीकृति अपेक्षित है।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 06**

JTELP हेतु Independent Recruitment firm द्वारा मानव संसाधन चयन, FNGO एवं TSA चयन से संबंधित प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या : 07**

**SCA to TSP के अंतर्गत योजना:**

(i) **SCA to TSP के अंतर्गत योजना "Setting up of Agro processing Micro Enterprise Unit & Training with SHG in IFAD Supported Village" जिसकी स्वीकृति झारखण्ड सरकार, कल्याण विभाग द्वारा पत्रांक-2/ SCA to TSP-44/2011-2804 दिनांक-05.12.12 से प्राप्त है, की कार्य योजना एवं बजट पर BoD की घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में।**

(ii) **Pig farming for ensuring livelihood among the schedule tribes in Jharkhand जिसकी स्वीकृति सचिव, कल्याण-सह-अध्यक्ष, BoD, JTDS से दिनांक-19.09.2013 को प्राप्त है, की कार्य योजना एवं बजट पर BoD की घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में।**

(iii) **Livelihood prototype scheme for implementation under JTDS/JTDP (IFAD assisted) covered area; जिसकी स्वीकृति अध्यक्ष जे0टी0डी0एस0 द्वारा दिनांक-02.09.2013 को प्राप्त है, उसके कार्य योजना एवं बजट पर BoD का घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में।**

उपरोक्त तीनों योजनाओं पर जो SCA to TSP से संबंधित है, पर निदेशक मंडल की घटनोत्तर स्वीकृति अपेक्षित है।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 07**

(i) SCA to TSP के अंतर्गत योजना "Setting up of Agro processing Micro Enterprise Unit & Training with SHG in IFAD Supported Village" की कार्य योजना एवं बजट पर, अद्यतन प्रगति पर संतोष प्रकट करते हुए निदेशक मंडल द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

(ii) Pig farming for ensuring livelihood among the schedule tribes in Jharkhand की कार्य योजना एवं बजट पर निदेशक मंडल द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

(iii) Livelihood prototype scheme for implementation under JTDS/JTDP (IFAD assisted) covered area के कार्य योजना एवं बजट पर निदेशक मंडल द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या : 08**

**ICRISAT के सहयोग से कार्यान्वित IR-1363 योजना के 2013-14 के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट पर BoD का घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में।**

ICRISAT के सहयोग से JTDS के साथ ICRISAT-IFAD-IR-1363 परियोजना का क्रियान्वयन कार्यक्रम ग्रामों में बादम, चना, एवं अरहर के उन्नत खेती को बढ़ावा देने हेतु किया जा रहा है। वर्ष 2013-14 के वार्षिक कार्य-योजना एवं बजट पर निदेशक मंडल की घटनोत्तर स्वीकृति अपेक्षित है।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 08**

ICRISAT के सहयोग से कार्यान्वित IR-1363 योजना के 2013-14 के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट तथा अद्यतन प्रगति पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या : 09**

**Digital Green के सहयोग से क्रियान्वित प्रशिक्षण योजना की स्वीकृति के संबंध में।**

JTDS एवं Digital Green के बीच "Pilot Trial on ICT based intervention for enhancing Livelihood opportunities for Tribal Population in Jharkhand" Knowledge Management पर video

based extension model पर मिलकर कार्य करने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव पर निदेशक मंडल की स्वीकृति अपेक्षित है।

पारित प्रस्ताव संख्या : 09

Digital Green के सहयोग से क्रियान्वित प्रशिक्षण योजना के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरांत निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया।

प्रस्ताव संख्या : 10

**University of Copenhagen, IFAD तथा JTDS के बीच research collaboration का प्रस्ताव पर अनुमति के संबंध में।**

University of Copenhagen (Denmark), IFAD तथा JTDS के बीच Forests and Nature for Society (FONASO) के माध्यम से Doctoral Studies हेतु तथा Monitoring एवं Research हेतु सहयोग का प्रस्ताव है। प्रस्ताव पर निदेशक मंडल की स्वीकृति अपेक्षित है।

पारित प्रस्ताव संख्या : 10

University of Copenhagen, IFAD तथा JTDS के बीच research collaboration का प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा की गई एवं भारत सरकार से इस संबंध में हुए पत्राचार के आलोक में MOTA भारत सरकार से सहमति प्राप्त होने के उपरांत research collaboration पर कार्य करने हेतु निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।

प्रस्ताव संख्या : 11

**JTDS के अद्यतन लेखा तथा SCA to TSP की योजना "Setting up of Agro processing Micro Enterprise Unit & Training with SHG in IFAD Supported Village under Special Central Assistance to Tribal Sub Plan (SCA to TSP)" लेखा का Audit कराने के संबंध में।**

JTDS द्वारा "Setting up of Agro processing Micro Enterprise Unit & Training with SHG in IFAD Supported Village under Special Central Assistance to Tribal Sub Plan (SCA to TSP)" योजना का क्रियान्वयन JTDP (प्रथम चरण के) ग्रामों में कराया जा रहा है, जिसका वार्षिक Audit कराये जाने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव पर निदेशक मंडल की स्वीकृति अपेक्षित है।

पारित प्रस्ताव संख्या : 11

JTDS के अद्यतन लेखा तथा SCA to TSP की योजना "Setting up of Agro processing Micro Enterprise Unit & Training with SHG in IFAD Supported Village under Special Central Assistance to Tribal Sub Plan (SCA to TSP)" की अद्यतन प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए, इसके लेखा का Audit कराने पर निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।

प्रस्ताव संख्या : 12

झारखण्ड ट्राईबल ईम्पावरमेंट एण्ड लाईवलीहूड प्रोजेक्ट (JTELP)के क्रियान्वयन हेतु प्रखण्डों का चयन।

JTELP हेतु क्रियान्वयन प्रोजेक्ट डिजाईन अनुसार राज्य के 14 TSP जिलों के 30 प्रखण्डों के 1000 नए एवं 330 पुराने ग्रामों में किया जाना प्रस्तावित है। संबंधित जिलों के उपायुक्त द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु प्रखण्डों का चयन कर सूची उपलब्ध कराई गई है। साथ ही मानदण्ड अनुसार प्रस्तावित ग्रामों की सूची भी उपलब्ध कराई गई है। सूची पर निदेशक मंडल का अनुशंसा अपेक्षित है।

पारित प्रस्ताव संख्या : 12

झारखण्ड ट्राईबल ईम्पावरमेंट एण्ड लाईवलीहूड प्रोजेक्ट (JTELP)के क्रियान्वयन हेतु प्रखण्डों के चयन के संबंध में निदेशक मडंल द्वारा सर्वसम्मति से ये निर्णय लिया गया कि प्रथम चरण के दो प्रखण्ड यथा अनगड़ा एवं गोईलकेरा में "कम आच्छादित ग्रामों की संख्या तथा Logistic तथा Main cluster से दूरी आदि" के मद्देनजर इन्हे JTELP में नही लिया जाये, परन्तु इन्हे JTDS के अन्दर कार्यक्रमों में सबसे नजदीकी प्रखण्ड से Tag कर जोड़ा रखा जाये जिससे एक ही Service Provider/FNGO Convergence इत्यादि सेवा प्रदान कर सकें तथा इसे एक ही इकाई माना जाये। साथ ही सरायकेला प्रखण्ड को JTELP क्रियान्वयन हेतु शामिल करने का निर्णय निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया। इससे JTELP मे कुल क्रियान्वित ब्लॉक की संख्या 30 हीं रहेगी।

प्रस्ताव संख्या : 13

JTELP के क्रियान्वयन हेतु चयन किए जाने वाले FNGO एवं TSA के अन्तर्गत कार्य करने वाले मानव संशाधन/कर्मियों का चयन तय मानदण्ड (शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव) अनुसार करने तथा उनका मानदेय भुगतान JTDS से सीधे उनके निजी बैंक खाता में हस्तांतरित करने के संबंध में।

JTELP का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन FNGO एवं TSP द्वारा किया जाएगा। जिस हेतु कुछ Specialized / Professional तथा अन्य Personnel रखने का प्रावधान है जो संबंधित/चयनित FNGO एवं TSA के अन्तर्गत कार्य करेगें परन्तु जिस पर JTDS का पूर्ण नियंत्रण होगा। प्रस्ताव है कि प्रभावी क्रियान्वयन एवं Transparency को सुनिश्चित करने हेतु इन Professional / Specialized तथा अन्य personnel का मानदेय भुगतान JTDS सीधे उनके Personal Bank खाता के माध्यम से किया जाएगा। FNGO एवं TSA को केवल Operational Cost का भुगतान किया जाएगा। तथा कर्मियों का चयन तय मानदण्ड (शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव) अनुसार ही होगा। जिससे गुणवत्ता सुनिश्चित किया जा सके। प्रस्ताव पर निदेशक मंडल की स्वीकृति अपेक्षित है।

पारित प्रस्ताव संख्या : 13

JTELP के क्रियान्वयन हेतु चयन किए जाने वाले FNGO एवं TSA के अन्तर्गत कार्य करने वाले मानव संशाधन / कर्मियों का चयन तय मानदण्ड (शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव) अनुसार करने तथा उनका मानदेय भुगतान JTDS से सीधे उनके निजी बैंक खाता में हस्तांतरित करने के संबंध निदेशक मंडल द्वारा प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया।

प्रस्ताव संख्या : 14

अन्य बिन्दु अध्यक्ष की सहमति से।

पारित प्रस्ताव संख्या : 14

1. JTELP आच्छादित ग्रामों में वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में आदिवासी कल्याण आयुक्त द्वारा ये सुझाव दिया गया कि जे.टी.डी.एस. कार्यक्रम आच्छादित ग्रामों में वन अधिकार अधिनियम को क्रियान्वित कराने हेतु विशेष पहल करेगी।

2. उपायुक्त, खूँटी के प्रतिनिधि ने बताया कि खूँटी में Composite Building Complex तैयार हो रहा है, और शीघ्र ही जे.टी.डी.एस. को इसमें कार्यालय आवंटित कर दिया जायेगा।

3. उपायुक्त, लातेहार के प्रतिनिधि ने बताया कि लातेहार के समाहरणालय में स्थान चिन्हित कर लिया गया है और शीघ्र ही इसे जे.टी.डी.एस. को आवंटित कर दिया जायेगा।

(डॉ. एच. एस. गुप्ता)
सदस्य सचिव -सह-
राज्य कार्यक्रम निदेशक, जे.टी.डी.एस.

(एल. खियांग्ते)
अध्यक्ष -सह- सरकार के प्रधान सचिव,
कल्याण विभाग

ज्ञापांक 4/ईफाड–10/12 257 राँची, दिनांक 31/01/2014
प्रतिलिपि : सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(डॉ. एच. एस. गुप्ता)
सदस्य सचिव -सह-
राज्य कार्यक्रम निदेशक, जे.टी.डी.एस.

(एल. खियांग्ते)
अध्यक्ष -सह- सरकार के प्रधान सचिव,
कल्याण विभाग

बैठक में उपस्थिति :–

1. श्री एल. खियांग्ते, प्रधान सचिव, कल्याण विभाग सह अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰।
2. श्री कमल किशोर सोन, निदेशक, कृषि विभाग, झारखण्ड सरकार।
3. (क) श्री राजेश कुमार शर्मा, आदिवासी कल्याण आयुक्त, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार एवं (ख) निदेशक (प्रभारी) झारखण्ड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची।
4. श्री सैमसन सोय, विशेष सचिव, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार।
5. श्रीमती वीणा श्रीवास्तव, उपायुक्त, गुमला।
6. उप विकास आयुक्त, राँची (प्रतिनिधि उपायुक्त, राँची)।
7. उप विकास आयुक्त, दुमका (प्रतिनिधि उपायुक्त, दुमका)।
8. उप विकास आयुक्त, खूँटी (प्रतिनिधि उपायुक्त, खूँटी)। (सह प्रभारी उपायुक्त)
9. जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार (प्रतिनिधि उपायुक्त, लातेहार)।
10. श्री सुखलाल लोहरा, अध्यक्ष, ग्राम सभा कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, ग्राम– मयसुडीह, प्रखण्ड – बुण्डु, जिला– राँची (जनजातीय सदस्य)।
11. श्रीमती मंजुड़ा देवी, अध्यक्ष, प्रगतिशील महिला समूह (कमल ग्रुप), ग्राम – सरजोमडीह, प्रखण्ड– बुण्डु, जिला–राँची। (जनजातीय सदस्य)।
12. डॉ. एच.एस. गुप्ता, राज्य कार्यक्रम निदेशक, झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी, –सह– सदस्य सचिव।

- (मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के सुझाव / निदेश के आलोक में क्रम संख्या 05 से 09 तक के सदस्यों द्वारा NIC द्वारा प्रदत् सुविधा से Video Conferencing के माध्यम से बैठक में भाग लिया गया।)